कार्यालय, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद।

पत्रांकः– 971/मु0वि0प्रा0/नि00अ0/2023–24 दिनांक 22/02/2024

प्रभारी विज्ञापन,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण,
मुरादाबाद।

कृपया काँठ रोड पर स्थित अकबर का किला के बगल से सोनकपुर आर0ओ0बी0 से होते हुए दिल्ली रोड को मिलाने वाले 24 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग पर साह्याद्रि योजना के तलपट मानचित्र की सीमा के उपरान्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की बुद्धि विहार योजना के तलपट मानचित्र की सीमा तक उक्त मार्ग के सापेक्ष दोनो ओर 7.50 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का प्राविधान किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड की 135वीं बोर्ड बैठक दिनांक 30.01.2024 में मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसे मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। मा0 बोर्ड के निर्णयानुपालन में उक्त मार्ग पर सजरा सुपरईम्पोज्ड मानचित्र का अवलोकन जन–सामान्य को कराया जाना है, जिस हेतु पत्र के साथ संलग्न 'सार्वजनिक सूचना' को स्थानीय स्तर पर पढ़े जाने वाले किन्ही दो लोक महत्व के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 22.02.2024 के माध्यम से प्राप्त हो गयी है, जिसकी प्रति पत्र के साथ संलग्न है।

अतः पत्र के साथ संलग्न 'सार्वजनिक सूचना' के प्रारूप को स्थानीय स्तर पर पढ़े जाने वाले किन्ही दो लोक महत्व के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने के साथ–साथ उक्त 'सार्वजनिक सूचना' को नियत समयावधि में प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड कराये जाने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

22/2/2024

मुख्य नगर नियोजक,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण,
मुरादाबाद।

पृष्ठांकन– /मु0वि0प्रा0/नि0अ0/2023–24 दिनांक :– / /2024

प्रतिलिपि :–

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. सचिव, महोदया को सूचनार्थ।
3. प्रभारी कम्प्यूटर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त 'सार्वजनिक सूचना' को नियत समयावधि में प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने का कष्ट करें।

मुख्य नगर नियोजक

D:MDA22\All Latter

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद।

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि काँठ रोड पर स्थित अकबर का किला के बगल से सोनकपुर आर0ओ0बी0 से होते हुए दिल्ली रोड को मिलाने वाले 24 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग पर साह्याद्रि योजना के तलपट मानचित्र की सीमा के उपरान्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की बुद्धि विहार योजना के तलपट मानचित्र की सीमा तक उक्त मार्ग के सापेक्ष दोनो ओर 7.50 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का प्राविधान किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड की 135वीं बोर्ड बैठक दिनांक 30.01.2024 में मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसे मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

मा0 बोर्ड के निर्णयानुपालन में उपरोक्त 24 मीटर चौड़ी सड़क पर थ्रू–ट्रैफिक के सुगमतापूर्वक निर्बाध गति से संचालन को सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से मार्गाधिकार के उपरान्त दोनो ओर प्रस्तावित 7.50 मीटर चौड़ी सर्विस रोड को दर्शित कर उक्त से आच्छादित भूमि का सजरा सुपरईम्पोज्ड मानचित्र जन–सामान्य के अवलोकनार्थ 15 दिनो की समयावधि तक प्राधिकरण कार्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया है।

यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त मानचित्र को अवलोकित करना चाहता है, तो उक्त 'सार्वजनिक सूचना' के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के अन्तर्गत नया मुरादाबाद, दिल्ली रोड स्थित मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में कर सकता है।

22.02.2024

सचिव,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण
मुरादाबाद